हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

द्वितीय सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 11

बुधवार, 14 मार्च, 2018/23 फाल्गुन, 1939(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समयः 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, डॉ0 राजीव बिन्दल की अध्यक्षता में 11.00 बजे (पूर्वाह्न) आरम्भ हुई।

1. **<u>प्रश्नोत्तरः</u>**

(I) **तारांकित प्रश्नः**

तारांकित प्रश्न संख्याः 79 से 83 तक के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिये गये। तारांकित प्रश्न संख्या 84 से 99 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गये।

(II) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्याः 10 से 12 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

2. **<u>कागज़ात सभा पटल परः</u>**

श्री महेन्द्र सिंह, सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य मन्त्री ने हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम अधिनियम, 1979 की धारा 23(6) के अन्तर्गत

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर की 36वीं वार्षिक प्रशासनिक विवरणिका, वर्ष 2016-17 की प्रति सभा पटल पर रखी।

3. **सदन की समितियों के प्रतिवेदनः**

(1) **श्री रमेश चन्द ध्वाला, सभापति, प्राक्कलन समिति, (वर्ष 2017-18)** ने समिति का **प्रथम कार्रवाई प्रतिवेदन** (तेरहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 18वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2015-16) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **महिला एवं बाल विकास विभाग** से सम्बन्धित है की प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

(2) **श्री सुख राम, सभापति, कल्याण समिति, (वर्ष 2017-18)** ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **प्रथम कार्रवाई प्रतिवेदन** (तेरहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 31वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2016-17) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** से सम्बन्धित है;

(ii) समिति का **द्वितीय कार्रवाई प्रतिवेदन** (तेरहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 27वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2016-17) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** से सम्बन्धित है; और

(iii) समिति का **तृतीय कार्रवाई प्रतिवेदन** (तेरहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 35वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2016-17) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **जनजातीय विकास विभाग** से सम्बन्धित है।

4. <u>वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए बजट अनुमान-सामान्य चर्चाः</u>

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1. श्री नरेन्द्र ठाकुर
2. श्री हर्षवर्धन चौहन
3. श्री राकेश कुमार

(सदन की बैठक अपराह्न 1.10 बजे दोपहर के भोजनावकाश के लिए अपराह्न 2.15 बजे तक स्थगित हुई)।

(सदन की बैठक भोजनावकाश के पश्चात् अपराह्न 2.15 बजे माननीय अध्यक्ष, डॉ0 राजीव बिन्दल की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)।

4. श्री लखविन्द्र सिंह राणा
5. श्री सुरेश कुमार कश्यप
6. श्री बलबीर सिंह वर्मा
7. श्री नन्द लाल
8. श्री सुन्दर सिंह ठाकुर
9. श्री किशोरी लाल
10. श्री जीत राम कटवाल

(सायं 5.00 बजे सदन की बैठक सायं 5.30 बजे तक बढ़ाई गई)

11. श्री पवन कुमार काजल
    डॉ0 राम लाल मारकण्डा, कृषि मंत्री द्वारा हस्तक्षेप।

(सायं 5.30 बजे सदन की बैठक सायं 5.50 बजे तक बढ़ाई गई)

12. श्री परमजीत सिंह

सदन की बैठक सायं 5.40 बजे वीरवार, दिनांक 15 मार्च, 2018 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई ।